# HINDI

## Paper 1

(*Two Hours*)

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will NOT be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Attempt ALL questions.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

**Question 1**

Write a composition in **Hindi** choosing **ONE** of the the following topics :— [25]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर **हिन्दी** में प्रस्ताव लिखिए :—

(i) 'प्रकृति का सन्देश' शीर्षक से एक निबन्ध लिखिए तथा बताइए कि मनुष्य को प्रकृति से क्या शिक्षाएं ग्रहण करनी चाहिए ।

(ii) अपने परिचित किसी एक ऐसे व्यक्ति का वर्णन करो जो बहुत बोलता हो । यह भी बताओ कि किस प्रकार वह अधिक बोलने के कारण मुसीबत में फँसा ।

(iii) 'सर्दी की रातें' इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताइए कि उस समय कैसा वातावरण हो जाता है तथा सम्पन्न और निर्धन वर्गों के लोग अपनी रातें किस प्रकार काटते हैं ।

(iv) "कभी-कभी झूठ बोलकर परेशानी से बचा जा सकता है फिर भी मुसीबत में भी झूठ नहीं बोलना चाहिए ।'' इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

(v) एक ऐसी मौलिक (original) कहानी लिखिए जिससे यह सन्देश मिले कि मूर्ख मित्र से समझदार शत्रु अच्छा होता है ।


---

**This paper consists of 5 printed pages and 1 blank page.**



© Copyright Reserved

**(vi)** नीचे दिये गये चित्र का अध्ययन कीजिए । चित्र का वर्णन कीजिए या उसके आधार पर कोई प्रस्ताव/कहानी लिखिए । आपके प्रस्ताव/कहानी का सम्बन्ध इस चित्र से होना आवश्यक है ।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** on any **ONE** of the following topics :—

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में पत्र लिखिए :—

छोटे भाई को पत्र लिखकर समझाइए कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है । उसे यह भी बताइए कि स्वस्थ रहने के लिए किन-किन नियमों का पालन करना आवश्यक है ।

**OR/अथवा**

अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपने सहपाठी की बहादुरी से अवगत कराइए तथा उनसे प्रार्थना कीजिए कि इस वीरता के लिए सरकार की ओर से उसे पुरस्कृत किया जाये ।

**Question 3**

**Read carefully the passage given below and answer in Hindi the questions that follow using your own language as far as possible:—**

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में दीजिए । उत्तर यथासम्भव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

एक बार महाराज कृष्णदेव राय ने अपने राज्य का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया, उसमें आस-पास के राजाओं को भी आमन्त्रित किया । सभी ने उन्हें कीमती उपहार दिए । उपहारों में चार कीमती फूलदान भी थे, जो एक राजा ने दिए थे । महाराज को ये फूलदान इतने अधिक मन भाए कि उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए अलग से एक सेवक तैनात कर दिया और उसे सख्त आदेश दिया कि यदि फूलदानों के रख-रखाव में किसी प्रकार की लापरवाही हुई या वे टूट गए तो उसे मृत्यु-दण्ड दिया जायेगा ।

वह सेवक दिन-रात उनकी हिफाजत करता था । उन पर धूल भी नहीं लगने देता था लेकिन बदकिस्मती से एकदिन अचानक एक फूलदान उसके हाथ से छूटकर टूट गया । खबर सुनते ही महाराज आग-बबूला हो गए और उन्होंने इस लापरवाह सेवक को आठवें दिन फाँसी देने का हुक्म सुना दिया ।

तेनालीराम को जब यह पता चला तो उन्होंने महाराज को समझाने की कोशिश की कि रामसिंह बीस वर्षों से उनकी सेवा में है, उसे इतने मामूली नुकसान का इतना कठोर दण्ड देना उचित नहीं है । महाराज ने उनकी एक न सुनी । वे अपना-सा मुँह लेकर लौट आए लेकिन उन्होंने उस सेवक की प्राण-रक्षा का संकल्प कर लिया । वे कारागार में गए, सेवक से सारी बात की जानकारी ली और उसके कान में कुछ कहकर चले आये ।

दिन तेजी से बीते और फाँसी वाला दिन आ गया । उस दिन सभी फाँसी गृह में एकत्रित हुए । महाराज अभी भी क्रोध में थे और सेवक को फाँसी पर झूलता देखना चाहते थे । सेवक को फाँसी के तख्ते पर चढ़ा दिया गया और तब जल्लादों ने उससे उसकी अंतिम इच्छा पूछी । सेवक ने कहा—"मैं बाकी बचे वे फूलदान भी देखना चाहता हूँ, जिनकी वजह से मैं फाँसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ ।''

महाराज की अनुमति से तीनों फूलदान उसके सम्मुख लाये गये उसने आव देखा न ताव और उन फूलदानों को जमीन पर पटक कर चूर-चूर कर दिया । महाराज के क्रोध की सीमा न रही और उन्होंने दहाड़ते हुए पूछा—"मूर्ख ! ये कीमती फूलदान क्यों तोड़ दिए तुमने— क्या मिला तुम्हें इन्हें तोड़कर ?'' "तीन निर्दोषों का जीवन महाराज !'' निर्भीकता से वह बोला— "जिस प्रकार मैं निर्दोष इन फूलदानों के कारण फाँसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ, कभी-न-कभी मेरी तरह तीन और लोग भी फाँसी पर चढ़ाए जा सकते थे— ये फूलदान मनुष्यों के जीवन से अधिक कीमती नहीं हैं, महाराज ।''

उसकी बात सुनकर उन्हें तुरन्त आभास हो गया कि क्रोध में वे कैसा अनर्थ करने जा रहे थे । उन्होंने फौरन सेवक की फाँसी स्थगित कर दी ।

(i) सेवक का क्या नाम था ? वह कहाँ काम करता था ? उसे वहाँ काम करते हुए कितना समय हो गया था ? [2]

(ii) उसे क्या काम सौंपा गया था ? उस काम के साथ क्या शर्त जुड़ी हुई थी ? [3]

(iii) इस कहानी में महाराज को कितनी बार क्रोध आया और क्यों ? समझाते हुए लिखिए । [4]

(iv) तेनालीराम क्या चाहते थे ? उन्होंने अपने काम को पूरा करने के लिए क्या प्रयास किए ? [5]

(v) महाराज के पास फूलदान कब आये थे ? उन फूलदानों का क्या हश्र हुआ ? [5]

(vi) सेवक को फूलदान तोड़ने का मौका कब मिला ? फूलदान तोड़कर सेवक को क्या मिला ? [6]

**Question 4**

**(A)** Give the meaning of the following words. (Meaning should be according to the word as used in the passage.) [3]

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए । (अर्थ गद्यांश में प्रयुक्त शब्द के अनुरूप होना चाहिए।)

(i) हिफाजत (ii) हिदायत (iii) वजह (iv) अनुमति
(v) सम्मुख (vi) आभास ।

**(B)** Give the antonyms of the following words. (Do not give more than one word.) [3]

नीचे लिखे शब्दों के विपरीतार्थक शब्द दीजिए । (एक से अधिक शब्द न दें ।)

(i) मामूली (ii) दण्ड (iii) अंतिम (iv) निर्दोष (v) सख्त (vi) नुकसान

**(C)** Give the meaning of the following phrases and use these phrases in sentences of your own :— [6]

नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखिए और अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—

(i) मन भाना
(ii) आग-बबूला होना
(iii) अपना-सा मुँह लेकर रह जाना
(iv) आव देखा न ताव ।

**(D)** Rewrite the following sentences as instructed :— [3]

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार दुबारा लिखिए :—

(i) वे कारागार में गये, सेवक से सारी बात की जानकारी ली ।

(Use 'जाकर' in place of 'गए' as used in the sentences.)
('गये' के स्थान पर 'जाकर' का प्रयोग कीजिए ।)

(ii) महाराज की अनुमति से तीनों फूलदान उसके सम्मुख लाये गए ।

(Start the sentence with 'वे'.)
('वे' से वाक्य शुरू कीजिए ।)

(iii) ये फूलदान मनुष्यों के जीवन से अधिक कीमती नहीं हैं ।

(Use 'कीमत' in place of 'कीमती' in the new sentence.)
('कीमती' की जगह 'कीमत' का प्रयोग कीजिए ।)

(D) Rewrite the following sentences as instructed :— [3]

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार दुबारा लिखिए :—

(i) वे कारागार में गये, सेवक से सारी बात की जानकारी ली ।

(Use 'जाकर' in place of 'गए' as used in the sentences.)
('गये' के स्थान पर 'जाकर' का प्रयोग कीजिए ।)

(ii) महाराज की अनुमति से तीनों फूलदान उसके सम्मुख लाये गए ।

(Start the sentence with 'वे'.)

('वे' से वाक्य शुरू कीजिए ।)

(iii) ये फूलदान मनुष्यों के जीवन से अधिक कीमती नहीं हैं ।

(Use 'कीमत' in place of 'कीमती' in the new sentence.)
('कीमती' की जगह 'कीमत' का प्रयोग कीजिए ।)